सार-समाचार

## स्थाई समितियों की बैठक आयोजित



**उदयपुर, (कासं)।** जिला परिषद की प्रशासन एवं स्थापना तथा ग्रामीण विकास स्थाई समिति की बैठक जिला प्रमुख ममता कुंवर की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में हुई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति राठौड ने बताया कि बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित पंचायती राज विभाग को हस्तांतरित विभागों शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रगति रिपोर्ट सहित योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला प्रमुख ममता कुंवर पंवार ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशानुरूप समय पर कार्य सम्पादित करते हुए आमजन को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने तथा योजनाएं एवं कार्यक्रमों की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी देने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद सदस्य ख्यालीराम सुहालका, सुनिता मांडावत, रीना भाणावत, कालुराम मीणा, दौलतराम मीणा, शंकर पटेल, दुदाराम, ललित शर्मा, कुरीलाल, अतिरिक्त विकास अधिकारी राजेन्द्र शर्मा सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** डबोक जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विवि) उदयपुर के संगठक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने की। कार्यक्रम का आरंभ डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थी निहारिका चुंडावत के स्वागत उद्बोधन से हुआ। शिक्षकों को मौन साधक, समाज सेतु एवं शिक्षार्थियों में संस्कारों की बीजारोपण करने का माध्यम घोषित करते हुए निहारिका ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में विभाग आधारित प्रस्तुतियों ने समां बांधा। व्यक्तिगत प्रस्तुतियों में बी.ए. बी.एड.- बी.एस.सी. बी.एड. विभाग की प्रशिक्षणार्थी भूमि गुर्जर ने कविता पाठ किया वहीं बी.एड. विभाग से अनुपाराम ने गुरू शिष्य परंपरा के द्योतक गीत का गान किया वहीं सामूहिक प्रस्तुति में डी.एल.एड. विभाग के प्रशिक्षणार्थियो के समूह गीत की प्रस्तुति दी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने अध्यापक शब्द को जिम्मेदारी का पर्याय बताते हुए परिवार के बाद शिक्षार्थी को संस्कारवान बनाने का मूल आधार घोषित किया।

## प्रो. के.के. शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**उदयपुर, (कासं)।** नगर की साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था, प्रसंग संस्थान की ओर प्रसिद्ध भाषा विशेषज्ञ प्रोफेसर के.के.शर्मा को उनके असामयिक अवसान पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. इन्द्र प्रकाश श्रीमाली ने प्रोफेसर शर्मा का जीवन परिचय एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें अपने गुरु के रुप में याद करते हुए कहा कि वे अपने विद्यार्थियों को मनोयोग से पढ़ाते थे। डॉ. श्रीमाली ने कहा कि शैली विज्ञान का ऐसे उद्भट विद्वान राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। वे आकाशवाणी के वाणी पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों ध्वनि शास्त्र के आधार पर सही उच्चारण का वैज्ञानिक आधार बताते थे। डॉ सुयश चतुर्वेदी ने कहा कि वे हमारे पिता के मित्र थे और हमेशा आत्मीयता बरतते थे। राजस्थान साहित्य अकादमी की पूर्व सदस्य, डॉ मंजु चतुर्वेदी ने कहा कि प्रोफेसर शर्मा जैसे शिक्षक से पढ़ना, उनके विचारों से लाभान्वित होना गर्व की बात है। उन्होंने हिंदी भाषा एवं व्याकरण संबंधी अनेक पुस्तकें लिख कर भाषा विज्ञान का वैज्ञानिक आधार तैयार किया था। श्रद्धांजलि सभा में रीना श्रीमाली, विजय, डॉ. सरिता जैन, जयंत, डॉ धारणा, आदर्श, मनोरमा चतुर्वेदी, विशेषता, तृप्ति तथा चिन्मय आदि उपस्थित रहे।

## आवेदन आमंत्रित

**उदयपुर, (कासं)।** कृषि व उद्यानिकी में उन्नत प्रविधियों के माध्यम से कृषक कल्याण का सपना संजोने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा कई नवाचारों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसी श्रृंखला में राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत उद्यान निदेशालय की ओर से किसानों की क्षमता वृद्धि के लिए नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम अन्तर्गत युवा कृषकों को विदेश में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 सितंबर तक राज किसान साथी पोर्टल पर (अंतरराष्ट्रीय कृषक प्रशिक्षण भ्रमण) आमंत्रित किये गये हैं। उच्च कृषि तकनीकी की संभावनाओं के मद्देनजर संभागवार लक्ष्य निर्धारित कर निर्धारित मापदंडों के आधार पर कृषि क्षेत्र वाले कृषक, दुग्ध उत्पादक व पशुपालन राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन कर सकते है।

## टी.ए.डी. मंत्री का यात्रा कार्यक्रम

**उदयपुर, (कासं)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के मंत्री बाबूलाल खराड़ी गुरुवार 5 सितंबर को उदयपुर-बांसवाड़ा दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टीएडी मंत्री खराड़ी बुधवार 4 सितंबर की शाम 6.10 बजे उदयपुर पहुंचेंगे और यहां से सड़क मार्ग से कोटडा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री श्री खराड़ी सुबह 10 बजे उदयपुर के प्रतापनगर आएंगे और वहां आयोजित सिकलीगर, घुमन्तू समाज की राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वे यहां से बांसवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर रात्रि 9 बजे पुन: कोटड़ा पहुंचेंगे।

## युवक की अकाल मौत


**उदयपुर, (कासं)।** शहर के बडगांव थाना क्षेत्र में युवक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गायत्री नगर बडगांव निवासी करणसिंह पुत्र देवीसिंह की अकाल मौत हो गई। करणसिंह पाउडर फेक्ट्री में नौकरी करता था। रात में वह खाना खाने के बाद सोया था। इस दौरान अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# कलेक्टर पोसवाल ने आयड़ नदी क्षेत्र का किया निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर सहित जिले भर में दो दिन से चल रहा बारिश का दौर बुधवार को भी जारी रहा। दिन भर रूक रूक कर हल्की व तेज बारिश होती रही। इस बीच जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल बुधवार सुबह शहर के हालातों का जायजा लेने सिटी राउण्ड पर निकले। इस दौरान स्मार्टसिटी लिमिटेड के सीईओ प्रदीपसिंह सांगावत, अधिशासी अभियंता पंचौरी भी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर पोसवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ आयड नदी क्षेत्र का दौरा किया। सर्वप्रथम निर्माणाधीन एफसीआई नई पुलिया पर पहुंचे। वहां कार्य की प्रगति की जानकारी ली। सीईओ सांगावत ने अवगत कराया कि निर्माणाधीन पुलिया पर एकतरफा यातायात शुरू कर दिया है तथा बारिश का दौर थमने के बाद बकाया कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। इसके पश्चात जिला कलक्टर ने क्रमश: सुभाषनगर स्थित आयड नदी की रपट, लेकसिटी मॉल के समीप पुलिया व नदी बहाव क्षेत्र, अशोक नगर मुक्ति धाम के पार्श्व में स्थित रपट, न्यू भोपालपुरा पुलिया तथा पुलां क्षेत्र में आयड़ नदी पर बनी रपट और पुलिया क्षेत्रों का अवलोकन कर आयड नदी और पुलियाओं पर बह रही जलराशि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पानी के प्रवाह और इससे प्रभावित होने वाले क्षेत्र के बारे में भी अधिकारियों से पूछा तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलक्टर पोसवाल ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से कराए गए आयड नदी सौंदर्यीकरण कार्य की धरातलीय स्थिति जानी। उन्होंने आयड नदी में अलग-अलग स्थानों पर हुए सौंदर्यीकरण कार्य और पानी के बहाव के बाद की स्थिति भी जानी और संतोष जताया कि नदी में बहाव के बावजूद सौंदर्यीकरण कार्य प्रभावित नहीं हुए हैं। इस मौके पर उन्होंने मौजूद शहरवासियों से भी संवाद कर जल बहाव की स्थितियों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने वर्षा जनित हादसों की रोकथाम पर जोर दिया। उन्होंने आयड की रपट पर बहते पानी के बीच लोगों को गुजरने से रोकने के लिए आवश्यक बेरिकेटिंग कराने, आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने रपट के किनारे मौजूद लोगों को भी बहते पानी के बीच रपट पार नहीं करने की अपील की। साथ ही आवासीय क्षेत्रों में मुख्य सड़कों के किनारे जमा बरसाती पानी की निकासी कराने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

- **वर्षा जनित हादसों की रोकथाम के लिए जरूरी व्यवस्थाओं के लिए किया पाबंद**



आयड़ नदी क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित करते जिला कलक्टर।

# शिक्षक दिवस का आयोजन



बीएन शिक्षा संकाय में शिक्षक दिवस का आयोजन हुआ।

**उदयपुर, (कासं)।** शिक्षा संकाय, भूपाल नोबल्स विवि के तत्वाधान में प्रायोजित नौ दिवसीय विद्यार्थी अभिमुखीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षक दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधिष्ठाता शिक्षा संकाय, प्रो शशि चित्तौडा ने बताया कि शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण के साथ सरस्वती वन्दना तथा संस्था गीत से हुआ। कार्यकम में कर्नल प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत, कार्यवाहक अध्यक्ष, विद्या प्रचारिणी सभा, डॉ महेन्द्र सिंह राठौड, सचिव, विप्रस, मोहब्बत सिंह राठौड, प्रबन्ध निदेशक, राजेन्द्र सिंह झाला, संयुक्त सचिव, विप्रस, डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड, कुलसचिव, भूपाल नोबल्स विवि तथा डॉ प्रेम सिंह रावलोत, डीन पीजी स्टडीज अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिक्षक दिवस के उपलक्ष में शिक्षा संकाय में कार्यरत सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो सारंगदेवोत ने आव्हान किया कि हमें एक शिक्षक के रूप में सीखने और अवलोकन के लिए सदैव जिज्ञासु रहना चाहिए।

## प्रशिक्षण दिया

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय एवं मंडल मुख्यालय के तत्वावधान में मंडल प्रशिक्षण केंद्र उदय निवास पर आयोजित गाइड यूनिट लीडर बेसिक कोर्स, गाइड यूनिट लीडर एडवांस कोर्स, फ्लॉक लीडर एडवांस कोर्स व फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स में विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। 6 सितंबर तक चलने वाले इस शिविर में 70 संभागी सहभागिता कर रहे हैं। जिला संगठन आयुक्त विजयलक्ष्मी वर्मा ने बताया कि दक्ष प्रशिक्षक के रूप में जयपुर संभाग से लीडर ट्रेनर गाइड उमा कुमावत उदयपुर से अंजना शर्मा, कैलाश शर्मा, लीना जैन, किरण पहाड़िया, निर्मला मेनारिया, श्याम लाल पुरोहित ने विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षण दिया। इस शिविर का उद्देश्य संभागियों को आपदा के समय मुस्तैद रहकर जन राहत के कार्य में सहयोग देने, सुसंगठित होकर समाज सेवा करने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षण में मंडल स्तर से प्रतापगढ़, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर जिले की महिला अध्यापिकाएं भाग ले रही है।

# गीतांजली विवि में दीक्षांत समारोह कल

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली यूनिवर्सिटी द्वारा दीक्षांत समारोह - 2024 का आयोजन 6 सितम्बर को गीतांजली यूनिवर्सिटी के स्व. नर्मदा देवी अग्रवाल ऑडिटोरियम में किया जायेगा।

वाईस चांसलर डॉ एस.के. लुहाडिया ने जानकारी दी कि दीक्षांत समारोह के अवसर पर 844 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को डिग्री प्रदान की जाएगी और साथ ही 43 गोल्ड मेडल्स फाइनल परीक्षा में अधिकतम अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को दिए जायेंगे व पांच बेस्ट ग्रेजुएट्स को भी गोल्ड मेडल्स प्रदान किये जायेंग। कोन्वोकेशन-2024 के, मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह शेखावत केंद्रीय मंत्री, संस्कृति और पर्यटन (लोकसभा)भारत सरकार, गीतांजली ग्रुप के चेयरमैन व गीतांजली यूनिवर्सिटी के चांसलर जे.पी अग्रवाल जी की उपस्तिथि में स्नातकों, स्नातकोत्तरों व डॉक्टरेट को स्वर्ण पदक व डिग्री प्रदान की जाएगी। साथ ही पूर्व वाईस चांसलर डा.एस. मेहता, सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ ए.ए. सैफी को उनके चिकित्सा क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर गीतांजली यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ एस.के लुहाडिया, गीतांजली ग्रुप के वाईस चेयरमैन कपिल अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल एवं गीतांजली यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मयूर रावल की उपस्थिति रहेगी।

प्रेस वार्ता के दौरान रजिस्ट्रार मयूर रावल ने बताया कि गीतांजली यूनिवर्सिटी के सभी इंस्टिट्यूट संबंधित वैधानिक निकाय द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। अब तक विवि में लगभग 8500 छात्र एडमिशन ले चुके हैं, जिनमें से 4200 को डिग्री मिली है। ये छात्र अब देश में अच्छे हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स कुल संख्या 3476 है जिसमें मेडिकल 1460, अलाइड हेल्थ साइंस 171, डेंटल 491, फार्मेसी 473, नर्सिंग 458, फिजियोथेरेपी 358, फेलोशिप 14, पी.एच.डी. 51 है। हमारे फैकल्टी की कुल संख्या-770 है। पीएच.डी. शोधार्थियों की कुल संख्या 51, अब तक फेलोशिप प्रोग्राम में नामांकित छात्रों की कुल संख्या ड्क्त 14 है और डिग्री अवार्डडेड फेलोशिप की संख्या 12 है। वर्ष 2023-24 में कुल शोध प्रकाशनों की संख्या ड्क्त 12० है। कुल पेटेंट प्रकाशनों की संख्या 8 है।कुल पेटेंट स्वीकृत 4, कुल कॉपीराइट्स 3, चालू शोध परियोजनाओं की संख्या 343 और साथ ही अब तक चार नेशनल कांफ्रेंस आयोजित की जा चुकी हैं। गीतांजली यूनिवर्सिटी 'ग्लोबल पार्टनरशिप फॉर एजुकेशनल एक्सचेंज इन मेडिसिन एंड द हेल्थ प्रोफेशंस' का सदस्य है। गीतांजली यूनिवर्सिटी द्वारा स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर, एमएसएआई के साथ भी इंटरनेशनल कोलैबोरेशन की शुरुआत की है, जिससे वहां के विद्यार्थी यहाँ पर और यहाँ के विद्यार्थी बाहर जाकर पढ सकेंगे। गीतांजली ठ्ठुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान घोषणा की कि जल्द ही गीतांजली यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण किया जायेगा जहाँ विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रेंनिंग दी जाएगी। अंकित ने यह भी कहा कि रिसर्च पॉलिसी की शुरुआत की जा रही है जिसमें रिसर्च ग्रांट व फंडिंग शामिल है।



डा.एस.के.लुहाडिया ( बाएं से प्रथम ), अंकित अग्रवाल ( बीच में ) व मयूर रावल ( दायें से प्रथम ) ने दीक्षांत समारोह की जानकारी दी।

सार-समाचार

## डॉ. प्रशान्त नाहर प्रेसिडेन्ट नियुक्त



**उदयपुर, (कासं)।** सांई तिरूपति विवि के चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल द्वारा नियमानुसार डॉ. प्रशान्त नाहर को विवि के प्रेसिडेन्ट (वाइस चांसलर) के पद पर नियुक्त किया गया है। डॉ. नाहर पूर्व में पेसिफिक डेन्टल कॉलेज उदयपुर में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में सांई तिरूपति विवि में मेडिकल, नर्सिंग फार्मेसी फिजियोथेरेपी, एमबीए एंड हॉस्पिटल एटमिनिस्ट्रेशन एवं पैरामेडिकल साईन्स के अन्तर्गत पाठ्यक्रम संचालित है। इन पाठ्यक्रमों में नियमित रूप से लगभग 3 हजार विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं।

## पीएम सूर्य घर लाभार्थी शिविर आज

**उदयपुर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम की ओर से 5 सितंबर को उदयपुर वृ्त के उपखण्ड कार्यालय मधुबन पावर हाउस मे प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक पीएम सूर्य घर लाभार्थी शिविर का आयोजन किया जाएगा। निगम के अधीक्षण अभियंता के.आर.मीना ने बताया कि शिविर में उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाए जाने को लेकर उपभोक्ताओ को जागरूक किया जाएगा। इस योजना के तहत उपभोक्ता अपने घर की छतों पर सोलर पैनल लगवाने में सब्सिडी प्राप्त कर सकता है। उपभोक्ताओं से शिविर मे उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## खेल किट का विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।** शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा सत्र 2024-25 मैं आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए शाला क्रीडा संगम केंद्र एम श्री फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुर में खिलाड़ियों के खेल किट का विमोचन चेतन पानेरी एवं रघुनाथ पालीवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने किया। एसडीएमसी सचिव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि इस अवसर पर डॉ.धर्मेंद्र सिंह शक्तावत, दिग्विजय सिंह राणावत डॉ. सतीश चौधरी, गोवर्धन सिंह झाला, विजेंद्र कुलदीप, प्रेम शंकर जाटव, डॉ सीमा गुर्जर, नकुल कटरा, एवं शाला कीडा संगम के शारीरिक शिक्षक उपस्थित थे।

## उपमुख्यमंत्री उदयपुर दौरे पर

**उदयपुर, (कासं)।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री तथा वित्त, पर्यटन, सार्वजनिक निर्माण, कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व, महिला एवं बाल विकास व बाल अधिकारिता विभाग की मंत्री दिया कुमारी 5 व 6 सितंबर को उदयपुर दौरे पर रहेंगीं। उप मुख्यमंत्री के विशिष्ट सहायक ललित कुमार ने बताया कि वे गुरुवार 5 सितंबर की शाम 6.30 बजे सड़क मार्ग से उदयपुर पहुंचेंगीं और शाम 7 बजे प्रताप गौरव केन्द्र एवं यहां पर लाइट एण्ड साउण्ड शो का निरीक्षण करेंगीं। उप मुख्यमंत्री 6 सितंबर को संभागीय आयुक्त कार्यालय में सुबह 9 से 11 बजे तक प्रताप सर्किट के संबंध में हितधारकों के साथ बैठक लेंगीं और 11 बजे गोगुन्दा के लिए प्रस्थान करेंगीं। गोगुन्दा में प्रताप सर्किट के निरीक्षण पश्चात उप मुख्यमंत्री मध्याह्न 12.30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगीं।

## इमरत रसूल शाह बाबा का उर्स आज से

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के ब्रह्मपोल बाहर स्थित दरगाह हजरत इमरत रसूल शाह बाबा र.अ. के 134वें तीन दिवसीय उर्स का आगाज गुरुवार को बाद नमाज असर परचम कुशाई की रस्म के साथ होगा। कमेटी के सदर हाजी सरवर खान व सेक्रेट्री शादाब खान ने बताया कि तीन दिवसीय उर्स का आगाज गुरुवार को असर की नमाज के बाद परचम कुशाई के साथ होगा। सायं 5 बजे बाद चादर शरीफ का जुलूस दरगाह पर पहुंचेगा और अकीदतमंद लोग चादर व फुल पेश करेंगे। सायं 6 बजे लंगर तकसीम किया जाएगा व रात्रि 9 बजे बाद महफिले मिलाद का होगी जिसमें स्थानीय मिलाद पार्टी व नातख्वां हजरात नातिया कलाम पेश करेंगे।

## हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भूपालपुरा थाना क्षैत्र मे हुए सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिससे प्रापत जानकारी कके अनुसार मंगलवार को भुपालपुरा थाना क्षैत्र आयड़ जैन मंदिर के समीप हुए सड़क हादसे में घायल स्कूटी सवार खोरिया खेड़ी भादसौड़ा चित्तौड़गढ़ हाल बडगांव निवासी राजकुमार (20) पुत्र रामेश्वर लाल की एमबी चिकित्सालय उपचार के दौरान मौत हो गई। राजकुमार अपनी नानी के पास रहते हुए उदयपुर में पढाई कर रहा था एवं बोहरा गणेश मंदिर में हुई परसादी के लिए वहां पर गया था। जहां से वापस लौट रहा था।

## बाइक भिड़ंत में युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के गोगुन्दा थाना क्षैत्र में आमने सामने दो बाईक की भिडंत में घायल हुए युवक की मौत हो गई। अन्यत्र हादसे में घायल महिला की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोगुन्दा थाना क्षैत्र मजाम बस स्टेण्ड के समीप 2 सितंबर को आमने सामने दो बाइक की भिडंत हो गई। हादसे में बाइक सवार मलारिया कला मादा गोगुन्दा निवासी दिलिप कुमार (35) पुत्र भंवरलाल गमेती गंभीर घायल हो गया।

## कंचन कुंवर जिला महामंत्री नियुक्त

**उदयपुर, (कासं)।** बजरंग सेना मेवाड के प्रवक्ता गिरिराज सिंह सांखला ने बताया कि संगठन विस्तार की दृष्टि से जिला महामंत्री के दायित्व पर कंचन कुंवर सोलंकी , देवाली को जिला महामंत्री के दायित्व पर नियुक्त किया गया, यह घोषणा प्रमुख कमलेंद्र सिंह पंवार ने की।


**-:आम सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, राजस्थान के पत्रक्रमांक -F1/(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat. B2(22497)/ 2022-23 Jaipur Dated 17/5/2023, के द्वारा 1. राजेन्द्र सिंह चारण, 2. श्रीमती रतन माहेश्वरी को निकट ग्राम लालमादड़ी, तहसील देलवाड़ा, जिला राजसमंद में स्थित खनन पट्टा संख्या 05/2022 रेफरेन्स नम्बर - 20211000046958, वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन, क्षेत्रफल 2.1437 हेक्टेयर के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट http://environmentclearance.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

1. राजेन्द्र सिंह चारण
2. श्रीमती रतन माहेश्वरी


## दो दिवसीय युवा नाट्य उत्सव

**उदयपुर, (कासं)।** जवाहर कला केन्द्र, जयपुर और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर में दो दिवसीय युवा नाट्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव में जवाहर कला केन्द्र की युवा नाट्य निर्देशक अनुदान योजना 2023-24 के अंतर्गत चयनित युवा निर्देशकों के नाटकों का मंचन पश्चिम क्षेत्र सांस्कृति केन्द्र, उदयपुर के दर्पण सभागार में किया जाएगा।

7 सितंबर को सायं सात बजे देशराज गुर्जर के निर्देशन में 'गोरधन के जूते' नाटक होगा। वहीं 8 सितंबर को सायं सात बजे अनुराग सिंह राठौड़ के निर्देशन में वरिष्ठ साहित्यकार मनीषा कुलश्रेष्ठ की कहानी पर आधारित 'कठपुतलियां' नाटक होगा।

कला, साहित्य, संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने उत्सव के पोस्टर का विमोचन किया।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय वाकपीठ सम्पन्न

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर व गिर्वा के संस्था प्रधानों की दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय वाकपीठ बुधवार को राजकीय फतेह उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुंज बिहारी भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

वाकपीठ अध्यक्ष रघुनाथ पालीवाल ने बताया कि इस अवसर पर संयुक्त निदेशक महेंद्र जैन, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक लोकेश भारती, जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक शिक्षा नौनिहाल सिंह, सहायक निदेशक दिनेश बंसल का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुंज बिहारी भारद्वाज ने प्रशासनिक सत्र में प्रवेशोत्सव, सर्वे, नामांकन बढाने, उपचारात्मक शिक्षण, रीड इथोन (प्रखर), वर्कबुक का वितरण, शालादर्पण, स्वच्छता पखवाडा नवोदय विद्यालय, इंस्पायर अवार्ड, विद्यालय की भौतिक सुविधाएं, पोषाहार, कहा कि इस प्रकार की वाकपीठ हमारे हौसलों में दम भरती है, दुगुनी ऊर्जा से हम अपने कार्यक्षेत्र में कार्य करते हैं।

संयुक्त निदेशक महेंद्र जैन ने कहा कि हमारे संस्था प्रधान समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक लोकेश भारती ने विभागीय कार्य को कुशलता से करना चाहिए, हमारे कार्य की मेहनत परिणाम में झलकती है।जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक नौनिहाल सिंह ने कहा कि भविष्य निर्माताओं को राष्ट्र सेवा हेतु तत्पर रहना चाहिए।

कार्यक्रम में दिसंबर माह तक सेवानिवृत होने वाले प्रधानाचार्यो रघुनाथ पालीवाल, शंकर लाल बारबर, आलोक शेखर शर्मा, जगदीश पाठक, अरुणा छाजेड़, उर्मिला त्रिवेदी, रेणु शर्मा, दर्शना जैन का सम्मान कर अभिनंदन पत्र प्रदान किए गए। साथ ही विद्यालयों में कक्षा 10 व 12 का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले संस्था प्रधानों का सम्मान किया।

इस अवसर पर डॉ बी पी शर्मा ने संस्था प्रधानों का मार्गदर्शन, महक सनाढ्य ने वित्तीय प्रबंधन, वीरेंद्र पंचोली ने संस्थापन एवं सेवा रिकॉर्ड संधारण पर वार्ताएं प्रस्तुत की। वाकपीठ अध्यक्ष रघुनाथ पालीवाल ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुकेश पंड्या ने संचालन किया।

## सितंबर में उदयपुर मण्डल में विभिन्न जगह लगेंगे कैंप

**उदयपुर, (कासं)।** डाक विभाग के उदयपुर मण्डल द्वारा प्रत्येक बालिका सुकन्या बालिका स्कीम के तहत पूरे सितंबर माह में उदयपुर मण्डल में विभिन्न जगह कैंप आयोजित किए जा रहे है, जिसका मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बालिकाओ का भविष्य उज्जवल एवं सुरक्षित बनाना है।

इस अवसर पर प्रवर अधीक्षक अक्षय गाडेकर ने बताया कि इस स्कीम के अंतर्गत किसी भी डाकघर मे दस वर्ष तक की बालिका के आधार कार्ड व अभिभावक का फोटो पहचान पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र देते हुए खाता खुलवाया जा सकता है। इसमें बालिका की उच्चतर शिक्षा अथवा वैवाहिक संबंधी आर्थिक आवश्यकताओ की पूर्ति के लिए बालिका की 18 वर्ष की आयु के पश्चात 50 प्रतिशत तक की राशि को निकालने की सुविधा है एवं यह खाता इसे खोलने की तारीख से 21 वर्ष के बाद या बालिका के विवाह से एक माह पूर्व खाता बंद कर राशि प्राप्त की जा सकती है। इस योजना मे उच्च ब्याज दर (वर्तमान मे 8.2 प्रतिशत) के अतिरिक्त आयकर मे छूट का प्रावधान भी है।

यह खाता कम से कम 250 रुपये से खोला जा सकता है एवं अधिकतम प्रति वित्तीय वर्ष 150000 रुपये तक जमा किए जा सकते है, जिसकी अभिभावक आयकर मे छूट ले सकते हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत, सरादित**

**पं.सं. फलासिया, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:- ग्रा.पं./2024-25/SPL-01 दिनांक-03 .09.24

**ई निविदा ( निविदा सूचना संख्या/2024-25 )**

ग्राम पंचायत सरादित में ग्राम पंचायत के लिये महात्मा गांधी नरेगा व अन्य योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण काया हेतु सामग्री उपापन की निविदाऐं दिनांक 04/09/2024 प्रात: 8.00 बजे से दिनांक 13/09/2024 सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है।

निविदा सूचना व पंचायत वार विवरण तथा विस्तृत शर्ते एवं पूर्ण विवरण वेब साईड sppp.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN N0 -2024_PRD_416884_1

**सरपंच**
ग्राम पंचायत सरादित
पंचायत समिति फलासिया

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत सरादित
पंचायत समिति फलासिया